जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन
www.djmp.in/epaper ✱ चाचौड़ा ✱ राघौगढ़ ✱ मुंगावली ✱ चंदेरी ✱ पोहरी ✱ कोलारस ✱ जीरापुर ✱ सारंगपुर ✱ बड़नगर ✱ नागदा
भोपाल, 7 अक्टूबर 2024

## न्यूज कार्नर

### खरीफ फसलों की कटाई में जुटे किसान



**जीरापुर।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में सोयाबीन सहित खरीफ फसलों की कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है। खेती हर मजदूर रोजाना फसलों की कटाई करने पहुंच रहे है। वही कई किसान हार्वेस्टरों से कटाई करा रहे है, क्षेत्र मे मजदूरों का टोटा बना हुआ है ऐसे में नगर के प्रमुख चौराहों पर रोजाना बाहर के मजदूरों का समूह भी दिखाई दे रहा है जो किसानों से ठेका लेकर कटाई का कार्य करने खेतों में पहुंच रहे है । गौरतलब है कि सितम्बर माह के अंत में हुई लगातार बारिश से कई किसानों की सोयाबीन फसलों को नुकसान हुआ ऐसे मे मौसम साफ होते ही इन दिनों क्षेत्र के किसान खरीफ फसलों की कटाई के कार्य में सतत जुटे हुए है। वर्तमान में सोयाबीन की कटाई जोरों पर है जिससे फसल काटने के लिए मजदूरों का टोटा पड़ रहा है। यही वजह है कि बाहर से भी फसल काटने के लिए मजूदर क्षेत्र में पहुंच रहे है, जो बाइक, पिकअप ट्रेक्टर-ट्रॉली में सवार होकर सुबह नगर के प्रमुख चौराहों पर एकत्रित होते दिखाई दे रहे है।

### आस्था की चुनरी में समाया मां के भक्तों का सैलाब, जहां तक पहुंची निगाहें वहां तक नजर आई मां की चुनरी

# मां जालपा को ओढ़ाई 1111 मीटर की चुनरी



जागरण, राजगढ़

विश्व हिंदू परिषद व हिंदू चेतना मंच के तत्वाधान व नगरवासियों के सहयोग से कई वर्षों से मां जालपा को चुनर चढ़ाने की परंपरा जारी है। हर वर्ष इस चुनर यात्रा में अलग-अलग रंग में दिखाई देते हैं। कभी चुनर यात्रा के दौरान बाहरी कलाकारों के द्वारा भक्तों का मनोरंजन होता दिखाई दिया है, तो कई बार मौसम की रंगत ने भी भक्तों का दिल जीता है। करीब 14 वर्षों से भी अधिक समय से निकाली जा रही इस चुनर यात्रा ने इस वर्ष भी रविवार को चौथे नवरात्र के दिन अपना एक अलग ही रिकॉर्ड बनाया और जहां तक निगाहें पहुंची वहां तक मां की चुनरी व उसकी छांव में समाये हजारों भक्त दिखाई दिए।

**कन्या पैर पूजन से शुरू हुई यात्रा पहुंची मां के धाम :** रविवार के दिन सुबह 10.30 बजे से शुरू हुए इस आयोजन में सबसे पहले राजमहल स्थित प्रांगण में महिलाओं के एकत्रिकरण के साथ ही छोटी बालिकाओं के पैर पूजन की रस्म जो वर्षों से चली आ रही है को पूरा करते हुए मां की चुनरी को विशेष पूजा अर्चना के बाद मात्र शक्तियों के हाथ में सौंपते हुए ।

**जगह-जगह हुआ स्वागत अल्पाहार की रही व्यवस्था :** चुनर यात्रा में निकलने वाले हजारों भक्तों के पैरों में छाले न पड़े इसके लिए आयोजकों द्वारा पूरे रास्ते में मेटी, कारपेट बिछाकर व्यवस्था की गई थी। वहीं नगर की अलग-अलग झांकी समितियों के साथ ही हिंदू उत्सव समिति व अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा अलग-अलग स्थान पर स्टाल लगाकर स्वल्पाहार के साथ ही शीतल जल की व्यवस्था भी रास्ते में की गई थी।

**पुलिस प्रशासन दिखा मुस्तैद :** राजमहल परिसर से शुरू हुई इस चुनर यात्रा में पूरे रास्ते जहां पुलिस विभाग पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दिया। वहीं प्रशासनिक अमला भी अपनी-अपनी व्यवस्थाओं में नजर आया। साथ ही नगर पालिका प्रशासन ने भी स्वच्छता के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में अपना अहम योगदान निभाया। वही यात्रा के दौरान किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए जब तक यात्रा मां जालपा मंदिर पहुंची कई रास्तों को यातायात विभाग द्वारा डायवर्ड करते हुए वन वे की सुविधा भी यात्रियों को उपलब्ध कराई गई। वहीं वाहन चालकों ने भी अपने वाहनों को स्वय की इच्छा से यात्रा के दौरान एक साइड में खड़े करते हुए मां की चुनरी का स्वागत किया व मां जालपा से आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधियों के साथ ही सामाजिक संगठन के पदाधिकारी, झांकी संगठन के पदाधिकारी, हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी एवं अन्य सहयोगी भी यात्रा के दौरान शामिल रहे।

### चुनरी यात्रा की विशेषता

यह यात्रा वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जन्मशती वर्ष एवं पुण्य स्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वां जन्म सती वर्ष के उपलक्ष में उनकी एक झांकी के साथ उनको समर्पित की गई। यात्रा की शुरुआत हुई जो शहर के विभिन्न मार्ग बढ़ चौक, झांसी की रानी चौराहा, ब्यावरा नाका, खिलचीपुर नाका होते हुए राजगढ़ से करीब 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मां जालपा भवन पहुंची जहां विशेष पूजा अर्चना के बाद समिति सदस्यों ने मां को चुनरी भेंट की।

# राम-भरत मिलाप के प्रसंग को देख छलक उठी दर्शकों की ऑखें

**भरत चला रे अपने भैया को मनाने...भाईयो के निष्छल प्रेम के भावुक प्रसंग को देख दर्शक बाले भाई हो तो भरत जैसा**



जागरण, जीरापुर

श्री गणेश आदर्राश रामलीला मण्डल द्वारा स्थानीय शिव चौक में रामचरित मानस आधारित रामलीला का मंचन किया जा रहा है जिसमे शनिवार रात को सातवें दिन की लीला में राम-भरत मिलाप प्रसंग का कलाकारों ने सजीव मंचन किया। राम-भरत मिलाप के इस भावुक प्रसंग की लीला को देखकर दर्शकों की ऑखें छलक आई जिसे देखकर दर्शक बोले भाई हो तो भरत जैसा।

शिव चौक में जारी रामलीला मंचन मे शनिवार को राम भरत मिलाप के प्रसंग का सजीव मंचन किया जिसमे अपने ननिहाल से वापस अयोध्या लौटने और पिता दशरथ जी के मरण, भगवान राम, लक्ष्मण, सीता के वन गमन की सूचना पाकर भरत, शत्रुघ्न क्रोधित हो उठे उन्होंने इस पूरे संकट की मूल वजह अपनी मां कैकई को खूब कोसा इस दौरान शत्रुघ्न ने गुस्से में आकर पूरे अनर्थ की जड़ दासी मंथरा पर प्रहार किया इस बीच गुरू वशिष्ट ने उन्हें समझाया। इसके बाद भरत अपने बड़े भ्राता श्रीराम को मना कर वापस अयोध्या लाने के लिए महामंत्री आर्य सुमंत, अयोध्यावासी सहित अपनी माताओ के साथ वन की ओर गमन करते है रास्ते मे निषादराज भी मिले जो उनके साथ हो गए ऐसे मे भरत को पर्णकुटी की ओर आते देख लक्ष्मण को आशंका हुई की भरत चतुरंगी सैना लेकर राम से युद्ध करने आ रहे है। लक्ष्मण इसकी जानकारी श्रीराम को देते हुए कहते है कि भैया भरत चतुरंगी सैना के साथ युद्ध करने आ रहे है तब मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम अनुज लक्ष्मण को समझाते है।

इस मौके पर श्रीराम-भरत का मिलाप होता है और श्रीराम ने उनका हाल चाल पूछकर यहां आने का कारण जाना तब भावुक भरत ने श्रीराम से अयोध्या वापस चलने का आग्रह किया लेकिन प्रभु श्रीराम 14 साल की अवधि पूरी होने के पहले अयोध्या लौटने के लिए राजी नही हुए उन्होंने भरत को धर्मए नीतिए अनीति का पाठ पढ़ाकर राज्य का संचालन करने के लिए कहा और अपनी खड़ाऊ चरण पादुका देकर वापस भेज दिया, चित्रकूट में राम भरत मिलाप के इस भावुक प्रसंग को देखकर दर्शकों की ऑखें छलक आई जिसे देखकर दर्शक बोले भाई हो तो भरत जैसा।

श्री गणेश आदर्श रामलीला मण्डल के डायरेक्टर बीएन आचार्य, मोहनलाल पुष्पद के मार्गदर्शन में रामलीला के इस मंचन में दिलीप जमींदार-श्रीराम, ईश्वर दांगी-सीताजी, प्रकाश गौड़-लक्ष्मण, महेश राठौर-भरत, महेश कुम्भकार कौषल्या, संजू गौड़-सुमित्रा, नंदकिशोर-कैकई, बापूलाल दांगी-जनकजी, योगेश अग्रवाल गुरू वशिष्ठ, अशोक सेन महामंत्री आर्य सुमन सहित शत्रुघ्न, मंथरा, निषादराज का स्थानीय कलाकारों ने सुंदर अभिनव किया जहां दर्शकों ने भरत बने महेश राठौर के अभिनय को खूब सराहा।

## ब्रह्माकुमारी ने सजाई देवियों की झांकी



**ब्यावरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी सेंटर के द्वारा चैतन्य देवियों की झांकी का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। यहां चैतन्य देवियों झांकी 5 से 10 अक्टूबर तक मनमोहक झांकियां इंदौर नाके पर लगाई जाएगी। यह मनमोहन झांकी इंदौर नाके में सजाई गई। यहां ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने बताया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष पवन कुशवाह, ब्यावरा सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी एवं हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा, समाजसेवी मुकेश सेन, महादेव मित्र मंडल के सदस्य, ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी, देव दीदी उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलित कर मां शेरावाली का भव्य आरती करके पट खोला गया । प्रतिदिन रात्रि 8. 30 बजे से रात्रि 11 बजे तक चैतन्य देवियों झांकी का पट खोल जाएगा। सभी नगर वासियों को हार्दिक निमंत्रण है। चैतन्य देवियों के दर्शन का लाभ उठाएं।

## सोठे वाले हनुमान मंदिर से महिलाओं ने 51 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली



जागरण, नरसिंहगढ़

चंपी मोहल्ला स्थित सोठे वाले हनुमान जी की आरती के पश्चात मोहल्ले की महिलाओं द्वारा 51 फीट लंबी चुनरी यात्रा बैंडबाजे की धुन पर प्रारंभ हुई जो छतरी चौराहा बस स्टैंड होते हुए सीधे चाणक्य सिनेमा के सामने पहुंची जहां पर हायर सेकेंडरी द्वारा के सामने से वाहन की मदद से सभी 70 महिलाएं कोटरा पहुंची जहां पर ग्राम कोटरा में पुनः चुनरी यात्रा प्रारंभ की गई जो गांव में होते हुए सीधे माता रानी के दरबार में पहुंची जहां पर सभी महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना कर माता रानी को चुनरी भेंट की गई।

चुनरी यात्रा में विधायक मोहन शर्मा तथा जमात मंदिर के महंत दीपेंद्र दास सोठे वाले हनुमान मंदिर समिति अध्यक्ष रामेश्वर शिवहरे, नरेंद्र शर्मा, मनीष शर्मा, संजय शेखर शर्मा, रमेश मालवीय, मुकेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, अरविंद साहू, कमल सोनी, राहुल शर्मा, जितेंद्र सक्सेना, अजय शिवहरे, कालू अग्रवाल, राकेश मीना सहित मोहल्ले के नागरिक एवं नगर के अन्य हिंदू धर्मप्रेमी शामिल हुए। चुनरी यात्रा में शामिल सभी महिलाओं द्वारा एक ही रंग की साड़ी पहन रखी थी। मोहल्ले की महिलाओं द्वारा पहली बार चुनरी यात्रा निकाली गई जो कोटरा स्थित माता मंदिर पहुंची। जहां पर पूजा अर्चना कर माता रानी को 51 फीट लंबी चुनरी भेंट की जाकर सभी की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई।

**विधायक ने ढोलक मंजीरे हेतु पच्चीस हजार रुपए की घोषणा :** विधायक मोहन शर्मा द्वारा सोठे वाले हनुमान मंदिर पर महिला मंडल को ढोलक-मंजीरे हेतु पच्चीस हजार रुपए दिए जाने की घोषणा की गई। जिस पर मंदिर समिति द्वारा विधायक का बहुत आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वैष्णों धाम पहुंची चुनरी यात्रा



जागरण, ब्यावरा

मां वैष्णों देवी ग्रुप पंचशील कॉलोनी के द्वारा स्थानीय राजगढ़ रोड़ स्थित पंचशील कॉलोनी में नवरात्रि में आकर्षक झांकी पांडाल सजाया गया है। रविवार को यहां से चुनरी यात्रा मां वैष्णों देवी मंदिर धाम पहुंची जहां मातारानी को ओढ़ाई गई। ढोल-ढमाके, डीजे, जयकारों एवं भजनों के साथ शाम के समय चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई जो राजगढ़ रोड़, पीपल चौराहा, मैन मार्केट, पुराना एबी रोड़, पुराना बस स्टैंड से होते हुए मां वैष्णोंदेवी मंदिर धाम पहुंची जहां मातारानी को चुनरी ओढाई गई। चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में पंचशील कॉलोनी के रहवासी, ग्रुप के सदस्य, श्रद्धालुजन शामिल हुए।

# धर्म : 181 मीटर की चुनर चढ़ाई माता अन्नपूर्णा को



जागरण, कुरावर

नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष नवरात्रि के उत्सव में लगातार 14 वे वर्ष रवि पाल एवं धार्मिक संगठनों के सहयोग से रविवार को नगर के शिव धाम कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर से 181 मीटर की चुनर यात्रा निकल गई जो की डीजे पर भगवान के भजनों के साथ ढोल धामाको को एवं आतिशबाजियों के साथ सभी महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने गले में माता की चुनर पहनकर एवं सैकड़ों महिलाओं ने हाथों में चुनर लेकर नगर के मुख्य मार्ग से चुनर यात्रा निकाली। जिसमें नगर वासियों ने जगह.जगह चौराहा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता भरत झंवर, अभिषेक गुप्ता, महेश भावसार, कैलाश राज, लक्ष्मण सिंह राणा, पार्षद अनिल दरबार, बद्रीलाल कुशवाहा, राजकुमार मीणा, रमेश मालवीय, राजू चौकसे, प्रतिनिधि मोहनलाल वर्मा, मोती सिंह दरबार बिलहरी, जगदीश विश्वकर्मा, प्रेम विश्वकर्मा, जेपी विश्वकर्मा भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री सरिता शर्मा, मंडल अध्यक्ष मधु शर्मा आदि शामिल हुई चुनर यात्रा का समापन नगर के गांव में स्थित प्राचीन अन्नपूर्णा मंदिर पर हुआ 181 मीटर मां अन्नपूर्णा को चढ़ाई गई विशाल आरती व महाप्रसादी का वितरण हुआ।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने कहां की हर बार से निकलने वाली है चुनर यात्रा नवरात्रि के इस महोत्सव में धर्म का प्रतीक है। इस दिन पूरे नगर वासियों के लिए शुभ समृद्धि की कामना की जाती है प्रार्थना की जाती है इस यात्रा में सभी सहयोग करने वाले धार्मिक लोगों का में आभार जताता हूं। वही कार्यक्रम को समाज सेवी रवि पाल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

### सारंगपुर थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक से की लिखित शिकायत, समाजजन भी पति के साथ

# पत्नी की झूठी शिकायत से परेशान पति ने दी आत्महत्या की चेतावनी



जागरण, सारंगपुर

अभी तक पति के द्वारा पत्नी पर किए जाने वाले अत्याचार और शोषण के मामले सामने आते थे लेकिन अब कानून का दुरुपयोग कर पति को पत्नी द्वारा प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें पत्नी की झूठी शिकायत से परेशान पति ने स्थानीय पुलिस से लेकर एसपी तक पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है और न्याय न मिलने पर आत्महत्या की चेतावनी दी है।

**क्या है पूरा मामला :** सारंगपुर निवासी भोपाल सिंह (पंकज) पिता स्वर्गीय बारेलाल ने लिखित रुप से एसपी आदित्य मिश्रा से शिकायत की और बताया है कि मेरी पत्नि नीतू पाल अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जपं राजगढ़ के द्वारा अपनी रसुख का गलत उपयोग करके मुझ पर पुलिस थाना सारंगपुर में 2 बार झूठी एफआईआर कराकर धारा 151 में जेल तक भिजवा दिया है। पीड़ित पति का कहना है कि विवाह के 22 वर्ष हो चुके है मैंने मेरी पत्नि को चार वर्ष तैयारी कराकर तथा तकनीकी पढ़ाई कराकर नौकरी के काबिल बनाया एवं मेरे 02 बच्चे है बालिका 20 वर्ष एवं बालक 13 साल जो दोनो बाहर पढाई करते है अब घर में मेरी सासू माँ के घर ससुर और साला नहीं होने से मैंने अपने घर में आसरा दिया था जिन्होंने मेरे घर से ही बाहर करवा दिया है और मुझे मेरे बच्चे बाहर जाने से मेरी पत्नि ने मुझे अपने ही घर के अन्दर नहीं आने देती है। पीड़ित का कहना है कि 14 माह से बाजार से ही खाना पीना कर रहा हूं।

**मैं सुलह के प्रयास करता हूं, लेकिन पत्नी नहीं मानती :** भोपाल सिंह (पंकज) का कहना है कि मैं अपने परिवार को बचाने के लिये राजगढ जिला परिवार परार्मश केन्द्र मे भी आवेदन देकर काउसलिंक करा चुका है और सामाजिक स्तर पर भी बैठक कराकर सुलह की कोशिश की गई। लेकिन मेरी पत्नि तथा सासू माँ ने किसी की नहीं मानती है। बीते माह 14 सितंबर को मेरी पत्नि आंगन में फिसलकर सुबह 9 बजे गिर गई जिसका मैने खुद और किरायेदारों ने मेरे साथ अस्पताल जाकर इलाज कराया और घर वापस लाया लेकिन मेरी सासू माँ और मेरी साली हेमलता चौधरी तथा उनके पति राकेश चौधरी तथा मामा ससूर के लडके दीपक धनकर पिता कैलाश धनगर के मेरे खिलाफ मेरी पत्नी से झूठी रिपोर्ट एफआईआर करा दी।

बाहर के कमरे का ताला तोड़कर मेरी कार भी ले गये तथा मेरे कमरे में सामान भी रखे है कुछ गहने तथा कुछ नगद व आवश्यक दस्तावेज भी है लेकिन इन्होने अंदर से ताला लगा रखा है।

**समाजजन पति के साथ, थाने में दे चुके है आवेदन :** मामले में स्थानीय सुदर्शन नगर स्थित धनगर समाज के वरिष्ठजन पति के साथ खड़े नजर आ रहे है। जिसको लेकर पूर्व में थाने में उनके द्वारा आवेदन भी दिया जा चुका है। समाजजनों ने पुलिस को बताया है कि हेमलता उर्फ बबली चौधरी, राकेश चौधरी, निवासी इंदौर व दीपक धनगर निवासी हाट मुंगालिया भोपाल द्वारा सुदर्शन नगर सारंगपुर में भोपाल सिंह (पंकज पाल) के घर आकर गाली गलोच करते हैं। समाज के नागरिकों की छवि धुमिल करने का प्रयास किया जाता है, जिससे समाज के स्थानीय लोगों के मान सम्मान को ठेस पहुंची हैं, जिसके कारण से समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। शांति भंग न हो शांति व्यवस्था बनी रहें, इस कारण इनके विरूद्ध उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

**इनका कहना है :** मामले में जांच करवाई जा रही है। जिसकी भी गलती होगी उस पर नियमानुसार जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

**अरविंद सिंह**
**एसडीओपी सारंगपुर**

## महाकाल राजा ग्रुप द्वारा निकलेगी चुनर यात्रा आज

**जीरापुर।** शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व नगर में बड़े ही धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान गरबा झांकी पंडालों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा के बीच गरबा नृत्य कर शक्ति की आराधना की जा रही है। वहीं मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसी कड़ी में महांकाल राजा ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी सातवीं भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया है जो आज सोमवार को प्रातः 11 बजे प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर से ढोल ढमाको के साथ प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव चौक के समीप कुम्भकार मोहल्ला स्थित मां बिजासन के दरबार में पहुंचेगी जहां भक्तों द्वारा धार्मिक आस्था के साथ मातारानी को चुनर अर्पित की जाएगी। जानकारी महाकाल राजा ग्रुप द्वारा देते हुए इस धार्मिक आयोजन में सभी श्रद्धालु भक्तों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पूर्व में नाम-पूजा पवन कुमार डागा (POOJA-PAWAN-KUMAR DAGA) THANE थाना (महाराष्ट्र) था मेरा विवाह हो जाने के पश्चात अब मेरा नाम बदलकर पूजा बियानी पत्नी कविश बियानी (POOJA- BIYANI W/O KAVISH BIYANI) हो गया है। अत : अब मेरा पूरा नाम पूजा पवन कुमार डागा के स्थान पर पूजा बियानी पत्नी कविश बियानी से जाना एवं पहचाना जावे।

**पूजा बियानी पत्नी कविश बियानी वार्ड क्रमांक 11 शीतला माता मंदिर नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़।**

## न्यूज कार्नर

### विधायक ने चौपाल पर सुनी लोगों की समस्याएं



**जागरण महिदपुर।** विधायक दिनेश जैन बोस ने गत दिवस रात्रि में समीपस्थ ग्राम खुरचनिया प्रताप पहुंच कर नवदुर्गा उत्सव समिति के आरती में शामिल होने के बाद चौपाल पर लोगों की समस्याओं को सुना व उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को मोबाइल पर चर्चा कर निर्देश दिए। गांव में पूर्व उपसरपंच कमल सूर्यवंशी, आजाद शाह, गोपाल बैरागी, रणछोड़ मालवीय,धीरज सिंह सोलंकी, पूरालाल मालवीय, धर्मेंद्र चौहान, मुकेश नायक ने विधायक के समक्ष मांगलिक भवन निर्माण, जर्जर आंगनवाड़ी भवन सहित खुरचनिया प्रताप से चंद्रभान तक मार्ग निर्माण की मांग की। नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने विधायक बोस का पुष्पहारों से स्वागत कर साफ़ा बांधकर सम्मान किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि गिरधारी लाल चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रजनीश तिवारी महिदपुर ब्लाक किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विक्रमसिंह महूडी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गजराज सिंह पंवार सहित कांग्रेस पदाधिकारी गण मौजूद थे।

### सामूहिक सत्य साधना जीवदया कार्यक्रम आयोजित



**जागरण महिदपुर।** जंगम युग प्रधान, वृहद भट्टारक, खरतर गच्छाधिपति, जैनाचार्य 1008 श्रीपूज्यजी श्री जिनचंद्रसूरिजी मसा के सुशिष्य भावी श्री पूज्यजी यतिवर्य श्री अमृतसुंदरजी मसा के 31वें अवतरण दिवस के पावन प्रसंग पर सत्य साधना केंद्र नाहर कांपलेक्स, गांधी मार्ग पर सुबह 5:30 से 6:30 बजे तक समस्त सत्य साधकों द्वारा सामूहिक सत्य साधना की गई। तत्पश्चात श्री आदिनाथ ग्रुप के माध्यम से जीव दया कार् म प्रातः 7 बजे श्री गोपाल गौशाला झारड़ा कटन पर रखा गया जिसमें परम गुरु भक्तों ने उपस्थित रहकर भरपूर सेवा लाभ लिया। सबसे पहले वहां पर महामंत्र नवकार का जाप किया गया। वहां मौजूद गायों को खली कपासिया, ककड़ी, लौकी, टमाटर, रोटी, बाटी, चवला, केला, संतरा आदि और श्वानों को बिस्किट का आहार करवाया गया। परम गुरु भक्त चमन सोनी ने संचालन करते हुए गुरु भक्ति पर अपना आख्यान दिया। अंत में शैलेष चौपड़ा ने आभार व्यक्त किया। गौ-श्वान सेवा के इस अनुपम सद्कार्य की यत्र-तत्र-सवर्त्र भूरि-भूरि सराहना की गई।

### कन्याओं का तिलक लगाकर किया पूजन

**जागरण उज्जैन।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी के आदेश अनुसार इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कन्याओं का तिलक लगाकर और उनके पैर धोकर कन्या पूजन किया गया। कार्यक्रम को हम लगातार हमारे हर वार्ड में करेंगे।

# हरसिद्धि मंदिर की दीप मालिकाएं रोशन करने में लगता है 60 लीटर तेल

## सभी प्रमुख देवी मंदिरों और गरबा आयोजन स्थलों पर हो रही शक्ति की आराधना





**जागरण उज्जैन।** 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो गई थी और आज नवरात्रि का चौथा दिन है। पहले दिन से ही शक्तिपीठ हरसिद्धि सहित सभी प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों का ताता लग रहा है। शहर के बड़े गरबा पांडालों में महिलाएं और युवतियां डांडिया खेलकर देवी की भक्ति कर रही है। हरसिद्धि मंदिर प्रांगण स्थित 2 हजार वर्ष पुरानी दीपमालिकाएं रोज शाम रोशन हो रही है। इन्हें एक बार प्र'वलित करने में 60 लीटर तेल एवं 4 किलो रूई का उपयोग होता है।

उल्लेखनीय है कि धार्मिक नगरी उज्जैन में पिछले चार दिनों से नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। फ्रीगंज से लेकर पुराने शहर तक गरबा मंडलों द्वारा पांडालों में देवी की सुंदर बड़ी प्रतिमाएं स्थापित की गई है और शाम ढलते ही गरबों का आयोजन हो रहा है। कानीपुरा रोड पर विनायक मित्र मण्डल, अतिरिक्त विश्व बैंक कालोनी द्वारा शासकीय स्कूल मैदान में विगत × वर्षो से नवदुर्गा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। समिति के साहिल गुर्जर, सुनील जाटवा, मुकेश कुमावत, दीपक चौहान, अजय शेर नटवरलाल चौहान, संदीप जादौन, सौरभ परिहार अमर सिंह मालवीय, नृसिंह सेंगर ने बताया कि इस बार संस्था द्वारा 15 फीट ऊंची नवदुर्गा स्वरूप प्रतिमा विराजित की गई है और यहां प्रतिदिन नौ दिनों तक महिलाओं और बालिकाओं द्वारा देवी की आराधना की जा रही है।

### माता सती की दाहिनी कोहनी यहां गिरी थी

हरसिद्धि मंदिर देश के 52 शक्तिपीठों में से एक है। पौराणिक कथा के अनुसार, जब माता सती ने दक्ष प्रजापति के यज्ञ में अग्निदाह किया था, तब शिव जी उनके शव को लेकर चले। जहां-जहां माता सती के अंग गिरे, वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई। उज्जैन में माता सती की दाहिनी कोहनी गिरी थी, जिसके कारण यहां शक्तिपीठ की स्थापना हुई और इसे हरसिद्धि मंदिर के नाम से जाना जाता है। माता हरसिद्धि श्रीयंत्र पर विराजमान हैं और भक्तों को हर प्रकार की सिद्धि प्रदान करती हैं, इसलिए इन्हें हरसिद्धि कहा जाता है।

### नौ दिनों तक नहीं होती शयन आरती

हरसिद्धि मंदिर के पुजारियों के अनुसार मंदिर में नवरात्रि के दौरान देवी की शुद्ध सात्विक शाक्त पूजा की जाती है। नवरात्रि के इन नौ दिनों में माता को विशेष रूप से अनार के दाने, शहद और नवरात्रि की पूर्णाहुति पर अदरक का भोग लगाया जाता है। चूंकि माता हरसिद्धि नौ दिनों तक शयन नहीं करतीं, इसलिए इन दिनों शयन आरती नहीं की जाती है।

### 1011 दीप हैं दोनों दीपमालाओं में

हरसिद्धि मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता इसकी 2000 साल पुरानी दीपमालाएं हैं, जिनकी ऊंचाई 51 फीट है और जिनमें कुल 1011 दीप प्रज्जवलित किए जाते हैं। इन दीपमालाओं को प्रज्जवलित करने के लिए श्रद्धालु कई महीने पहले से बुकिंग करवाते हैं। दीपमाला प्र'वलित करने पर लगभग 14,000 रुपये खर्च होते हैं। प्रत्येक दीपमाला को जलाने में 4 किलो रूई और 60 लीटर तेल का उपयोग होता है।

### 5 मिनट का समय लगता है सभी दीप जलाने में

नवरात्रि के दौरान हरसिद्धि मंदिर में शाम 7 बजे आरती होती है। आरती से पहले 6 लोग दीप स्तंभों की सफाई और उन्हें प्रज्जवलित करने की तैयारी में जुट जाते हैं। 1011 दीपों को 5 मिनट में प्रज्जवलित कर दिया जाता है, और यह अद्भुत दृश्य देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे रहे हैं।

### आज पंचमी पर चामुंडा माता को लगेंगे 56 भोग

आज सोमवार को शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि है। इस अवसर पर छत्रेश्वरी मां चामुंडा माता को 56 भोग लगाए जाएंगे। वरिष्ठ पार्षद रवि राय ने बताया कि चामुंडा माता मंदिर पुजारी पं. शरद चौबे, पं. सुनील गुरु की मौजूदगी में विगत 18 वर्षों से समाजसेवी हरि सिंह यादव परिवार द्वारा पंचमी पर 56 भोग माताजी को अर्पित किए जाते हैं और सुबह आरती से रात्रि विश्राम तक फरियाली प्रसाद वितरण किया जाता है। आज उनके द्वारा मां चामुंडा को 56 भोग अर्पित किये जाएंगे तथा फरियाली प्रसादी का वितरण होगा।

# रेलवे ने फ्रीगंज समानांतर ब्रिज को दी मंजूरी

## हरी झंडी के बाद निर्माण एजेंसी तय करने की प्रक्रिया शुरू

**जागरण उज्जैन।** फ्रीगंज में नया ओवरब्रिज 15 मीटर यानी करीब 50 फीट चौड़ा ही बनेगा। रेलवे ने इसके लिए लोक निर्माण विभाग को हरी झंडी दे दी है। ब्रिज की चौड़ाई 15 या 12 मीटर रखी जाए, इसको लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन रेलवे ने 15 मीटर चौड़ा ब्रिज बनाने की स्वीकृति दे दी है।

ओवरब्रिज का काम अक्टूबर अंत या नवंबर का पहले पखवाड़े से शुरू होने की संभावना है। निर्माण एजेंसी तय करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए टेक्निकल बीड खोली जा चुकी है। इसमें जो ठेकेदार कम्पनी कसौटी पर खरी उतरेगी, उसे ठेका दिया जाएगा। सबसे बड़ी बाधा ब्रिज की चौड़ाई को लेकर बनी हुई थी, क्योंकि चामुंडामाता मंदिर चौराहा (सिविल हॉस्पिटल की ओर, आगर रोड) से ब्रिज की फ्रीगंज शाखा की तरफ मक्सी रोड तक ब्रिज बनाने की राह में रेलवे का पॉवर प्लांट आ रहा है। इसे शिफ्ट करना रेलवे के लिए बड़ा काम होगा। इसीलिए रेलवे हर दृष्टिकोण से परीक्षण कर रहा था। सूत्रों के अनुसार आखिरकार रेलवे ने 15 मीटर ब्रिज बनाने की स्वीकृति दे दी है। इससे ब्रिज बनने की राह साफ हो गई है।

### राशि मंजूर, लेकिन देरी के कई कारण

फ्रीगंज में समानांतर ओवरब्रिज निर्माण योजना लंबे समय से अधर में है इसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिले को एक साल से ज्यादा समय गुजर चुका है, लेकिन विडंबना यह कि अब तक इसका काम शुरू नहीं हो पाया है। बाधाओं को पार करने में ही प्रोजेक्ट को इतना समय लग गया।

### मंजूरी मिली, टेंडर प्रक्रिया में

पीडब्लूडी सेतु निगम के कार्यपालन यंत्री कुलदीप सिंह ने बताया है कि कि रेलवे ने फ्रीगंज में 15 मीटर चौड़ा ब्रिज बनाने की स्वीकृति दे दी है। इसकी जीएडी भी रेलवे को भेज दी है। निर्माण एजेंसी तय करने के लिए टेंडर अभी प्रक्रिया में है।

### शुरुआत से अब तक एक नजर में योजना

- जुलाई 2023 में ओवरब्रिज के लिए 91.78 करोड़ रुपए मंजूर हुए थे।
- इसे इंदिरगांधी प्रतिमा से चामुंडा माता मंदिर तक बनाने की योजना थी।
- बाद में योजना बदली और अलाइनमेंट मक्सी रोड की ओर किया गया।
- इसके पहले 88.78 करोड़ की योजना बनी, लेकिन वह भी अधर में पड़ गई।
- सिंहस्थ 2016 में 22 करोड़ रुपए की योजना मंजूर हुई थी हाईकोर्ट का स्टे लगने से योजना निरस्त हो गई।

# गरबा पांडालों में चेकिंग के लिए पहुंच रही महिला पुलिस

**जागरण उज्जैन।** शहर में कई जगह गरबे के आयोजन हो रहे हैं और वहां महिलाएं व युवतियां डांडियां खेलकर देवी की आराधना कर रही है। इस दौरान उनके साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ न हो इसे देखते हुए एसपी ने 500 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई है इनमें 100 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। यह रात में गरबा स्थलों पर जाकर चेकिंग कर रहे हैं।

कल रात दशहरा मैदान में गरबा आयोजन के दौरान महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारी पहुंची। यहां उन्होंने मंच से महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर उनके साथ आयोजन स्थल पर या मार्ग में कोई आसामाजिक तत्व अभद्रता अथवा छेड़छाड़ करता है तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दें। महिला पुलिस अधिकारियों ने मंच से गरबा खेलने आई युवतियों को आवश्यकता पडने़ पर पुलिस के कुछ नंबर भी नोट कराए। अन्य पांडालों में भी लगातार महिला पुलिस चेकिंग के लिए पहुंच रही है।

# मयूर नृत्य के साथ मटकी, रजवाड़ी कश्मीरी धुनों पर थिरके कलाकार

## रोप जम्प के खिलाड़ियों ने राष्ट्र भक्ति के गीतों पर रोमांचक प्रदर्शन कर दिल जीत लिया




**जागरण उज्जैन।** इंद्र धनुषीय रंगों की वेशभूषा, ढोलक की थाप, मंझीरे की झंकार, पायल की मधुर आवाज, पाँवों की पदचाप, मधुर मुस्कुराहट लिये गरबा कलाकारों ने मयूर नृत्य से कला रसिकों को आनंद के सागर में अवगाहन कराया। न्यू नवरंग डांडिया के मंच पर वेणु नाद निनाद नृत्य कला अकदमी के कलाकारों ने मटकी, रजवाढी, कश्मीरी धुनों पर बल खाते कलाकारों ने समां बांध दिया। रोप जम्प के खिलाडियों ने राष्ट्र भक्ति के गीतों पर रोमांचक प्रदर्शन कर दिल जीत लिया। संस्था के अध्यक्ष भाजपा नगर उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संरक्षण में कालिदास अकादमी प्रांगण में आयोजित न्यू नवरंग डांडिया 2024 में चार धाम अखंड आश्रम के पीठाधीश्वर, महामंदलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में पूजन एवं आरती हुई। सांस्कृतिक पारंपरिक परिधानों में युवतियों ने मंच से गरबे किये। सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके ने रोचक संचालन किया।

गरबा पांडाल में हजारों शहरवासी फ्री स्टाईल गरबे करते नजर आए। इस 9 दिवसीय गरबा महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के गरबों की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। शाम 7 बजे से प्रारंभ होने वाले गरबे देर तक दर्शकों को बांधे रख रहे हैं। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, नरेश शर्मा, संयोजक अभय यादव, कोषाध्यक्ष योगेश ठाकुर, सचिव गोविंद सोलंकी, उपाध्यक्ष आजाद ठाकुर, प्रचार मंत्री संजय दिवटे द्वारा संपूर्ण व्यवस्थाएं जुटाई जा रही हैं। कालिदास अकादमी में प्रतिदिन शाम 7 बजे से प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पलक पटवर्धन के निर्देशन में बालिकाएं, युवतियां गरबा कर रही हैं। न्यू नवरंग डांडिया की पूरी समिति ने समस्त शहरवासियों से प्रतिदिन होने वाले डांडिया महोत्सव में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# तिर्भिन्नाट गरबा प्रतियोगिता में 4 टीमों से 120 महिलाओं ने लिया हिस्सा

## विजेता प्रथम, द्वितीय के साथ दोनो टीमों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिए

जागरण उज्जैन। महिला प्रधान ग्रुप तिर्भिन्नाट द्वारा शारदीय नवरात्र में मातारानी की आराधना गरबों के माध्यम से की।

तिर्भिन्नाट की आशु नागर, अनिता तोमर एवं नीलू टकसाली के नेतृत्व में लगभग 150 महिलाओं ने गरबा महोत्सव में हिस्सा लिया। इस दौरान आयोजित गरबा प्रतियोगिता में 4 टीमों ने अपने 30-30 सदस्यों के साथ भाग लिया। विजेता प्रथम, द्वितीय टीम को शानदार पुरस्कार दिए गए। वहीं शेष दोनो टीमों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। इसके साथ ही शानदार गरबा, शानदार ड्रेस, शानदार लुक के भी प्रथम द्वितीय पुरस्कार दिए गए।

सभी महिलाओं ने बहुत ही उत्साह से गरबा तथा फलाहारी प्रसादी का लुफ्त उठाया। आशु नागर ने बताया कि तिर्भिन्नाट एक प्रतिष्ठित ग्रुप है, जो अपने अनुशासन, समयबद्ध कार्यक्रम और मर्यादाओं के लिए चर्चित है। चूंकि इस ग्रुप से जुड़ी महिला सदस्यों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए किसी भी पुरुष की एंट्री नही दी जाती है, यहां तक की फोटोग्राफर भी महिला ही होती है।



# मां हरसिद्धि के आंगन में बाल कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुति




**जागरण उज्जैन।** श्री हरसिद्धि भक्त मंडल के तत्वाधान में नवदुर्गा नगर में शारदीय नवरात्रि स्वर्ण जयंती महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेला में मां हरसिद्धि मंच पर शनिवार को आरम्भ नृत्यशाला की निर्देशिका अंजना चौहान के नेतृत्व में बाल कलाकारो द्वारा धार्मिक गीतों पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम के अतिथि समाजसेवी अजय पांडे श्रीमती अर्चना पांडे, अंजना चौहान ने मां हरसिद्धि के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया स्वागत मंडल के अध्यक्ष संतोष जाधव, सचिव सुनील वर्मा कोषाध्यक्ष पवन नगर,उपाध्यक्ष प्रमेंद्र यादव, श्रीमती अंजना शुक्ला,ज्योति ठाकुर, कल्पना नायक ने किया आरम्भ नृत्यशाला के कलाकार कु. पहल, हितान्शी, वैष्णवी, कायरा आदेश,यति, पहल,नित्या, दिव्यांशी ने गणेश वंदना, घुमर राजस्थानी, मालवी गीतों पर प्रस्तुति देकर समा बांधा इस अवसर पर मंडल के संचालक शिवनारायण चौबे राजेंद्र जोशी, जगदीश शर्मा वीरेंद्र शर्मा विनय नामदेव वीरेंद्र परमार राजेश अखंड आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेश्वर दुबे ने किया। दि 7-10-2024 सोमवार (पंचमी) दिवस को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य अराधना नृत्य मन्दिर संस्थान निर्देशिका सुश्री खुशबू पांचाल द्वारा नवदुर्गा नगर में माँ हरसिद्धि मंच पर रात्रि 8 बजे प्रस्तुति दी जावेगी

## ग्रामीणो ने पुष्प वर्षा कर दुर्गावाहिनी की बहनों का हौसला बढ़ाया

**जागरण तराना।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गावाहिनी स्थापना दिवस पर आज उज्जैन जिला ग्रामीण के तराना प्रखंड के खंड कनार्दी में शौर्य संचलन निकाला गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत कार्यकारणी टोली के सदस्य राम ओरा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें विभाग संयोजक प्रीतम बैरागी , उज्जैन जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष नारायणसिंह पंवार , जिला सुरक्षा प्रमुख जीवन गुर्जर , जिला पुरोहित प्रमुख सचिन मित्तल, उज्जैन धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख सुनील पाटीदार ,दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका गायत्रा दीदी तराना प्रखंड से प्रखंड मंत्री सुभाष जायसवाल, दुर्गावाहिनी तराना प्रखंड संयोजिका महक दीदी पाटीदार कनार्दी खंड अध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा आदि पदधिकारी उपस्थित रहे और घोष वादन द्वारा शौर्य संचलन निकाल गया जिसमें ग्रामीणो ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर ग्रामीणों ने मात्तृशक्ति , दुर्गावाहिनी की बहनों का हौसला बढ़ाया।




## पारिवारिक माहौल में राष्ट्रीय सिंधी मंच खेलेगा सिंधी गुजराती गरबा

**जागरण उज्जैन।** राष्ट्रीय सिंधी मंच द्वारा सिंधी गुजराती गरबों का आयोजन शरद पूर्णिमा पर किया जाएगा। गरबा महोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि राष्ट्रीय सिंधी मंच द्वारा आयोजित होने वाले गरबों में सिंधी समाज की मातृशक्ति बहनें पारिवारिक गरबा उत्सव में हिस्सा लेंगी। बैठक में दीपक बेलानी, रमेश गजरानी, महेश कुमार, विनोद लूल्ला, राजकुमार परसवानी, महेश गंगवानी, श्रीकांत माखीजानी के साथ ही राष्ट्रीय सिंधी मंच संरक्षक रिंकू दीपक बेलानी, कार्यक्रम संयोजक सलोनी जय सिंघानी, कशिश शीतलानी, पूनम लालवानी, लता रोचवाणी, अध्यक्ष दीपा वासवानी, सचिव रिध्दि मूलानी, कोषाध्यक्ष सुनीता सत्यनी, उपाध्यक्ष पूजा खेमानी, सोनिया शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। गरबों की रिहर्सल नित्य प्रतिदिन की जा रही है। समाज के लिये आयोजित इस गरबे में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। उक्त गरबा उत्सव में सिर्फ सिंधी समाज के लोग पारिवारिक माहौल में गरबा खेल सकेंगे।

# सीएम सिटी उज्जैन जहां हर दूसरे दिन सड़क, मवेशी, कुत्ते ले रहे जान

## आम जनता की पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं, कांग्रेसी धरने, ज्ञापन, चक्काजाम कर करके थक गए, पर भाजपा शासन के कान पर जूं नहीं रेंगी

**जागरण उज्जैन।** मुख्यमंत्री का शहर उज्जैन, स्मार्ट सिटी, सीएम सिटी जहां हर दूसरे दिन कुत्ते, मवेशी, सड़कें या तो घायल कर रहे, या किसी की मौत हो रही। आम जनता की पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं, कांग्रेसी धरने, ज्ञापन, चक्काजाम कर करके थक गए लेकिन भाजपा की अंधी बहरी सरकार, नगर निगम का भाजपा का अपाहिज बोर्ड समस्याओं से मुक्ति नहीं दिला पा रहा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी एवं नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि मुख्यमंत्री के शहर उज्जैन में हर दिन मौत की खबरें अखबारों की सुर्खियां बन रहीं, और इन मौतों का कारण वो है जो शासन प्रशासन की जिम्मेदारी है, शिप्रा के नाम पर करोड़ों खर्च कर देने वाली भाजपा की सरकार शिप्रा शुध्द करना तो छोड़ो, श्रध्दालुओं को डूबकर मरने से नहीं बचा पा रहीं। समस्याओं का शहर उज्जैन जहां आवारा कुत्तों का आतंक है, हर दिन कई लोगों को काट रहे तो कईयों को अपनी जिंदगी से हाथ धोना पड़ गया। किसी के घर का दिया बुझ गया तो किसी के सर से माता पिता का साया उठ गया। आवारा मवेशी आए दिन किसी को उठा कर पट रहे, कोई अपाहिज हो गया तो कोई बिस्तर पर जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहा है।

टूटी उखड़ी जानलेवा गड्ढे युक्त सडकें, गड्ढे, बारिश के पानी में कई लोग गिरे, जख्मी हुए और अपनी गाड़ी कमाई का पैसा लगाकर ईलाज कराया, फ्रेक्चर हो जाने पर महीनों बिस्तर पर पड़े रहे, तो किसी को जीवन भर का दर्द मिल गया। पानी गंदा आ रहा, नालियों का जहरीला पानी पी रही स्मार्ट सिटी की जनता। अंधेरी सडकें चोरों उठाई गिरोह के लिए वरदान साबित हो रहीं। उज्जैन शहर का अव्यवस्थित यातायात जहां हर चौराहा जाम, ट्रैफिक पुलिस के पास चालान और वसूली के अलावा ओर दूसरा नहीं कोई काम।

रवि राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और पार्षद गण कई बार ज्ञापन और धरना आंदोलन, घेराव, चक्का जाम सब कर चुके हैं फिर भी सत्ता में काबिज जनप्रतिनिधि और समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे। भाजपा का बोर्ड, नेता, जनप्रतिनिधि जितनी सक्रियता से भाजपा का सदस्यता अभियान चला रहे हैं, सरकारी मशीनरी उपयोग कर रहे हैं, उतनी सक्रियता से यदि अधिकारी, कर्मचारियों को शहर की समस्याओं से मुक्ति दिलाने में दिखाते तो शहर की जनता को समस्याओं से मुक्ति मिल जाती। लेकिन भाजपा शहर के लिए कम, संगठन के लिए ज्यादा समर्पित है।

## एकदिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया



**जागरण तराना।** सर्व ब्राह्मण महिला समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एकदिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन 5 अक्टूबर शनिवार को सहस्त्र ओदिच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला तराना में किया गया। गरबा हमारी लोक संस्कृति का एक हिस्सा है अतः इस महोत्सव को बड़े ही धूमधाम व उत्साहङ्क उमंग के साथ मनाया गया। इसमें तराना नगर की सर्व ब्राह्मण महिलाओं और बच्चियों ने बहुत ही आनंद ,उमंग एवं हर्षोल्लाह से गरबे खेले एवं अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। सर्व ब्राह्मण महिला समिति द्वारा वर्ष भर में कई गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जिसमें महिलाओं एवं बेटियो द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाता है। मातृशक्ति एकजुट हो जाए तो हर पर्व विशेष बन जाता है इस सफल आयोजन के लिए समस्त मातृशक्ति एवं देवी स्वरूपा बेटियों को बहुत-बहुत बधाई।

**कार्यालय कलेक्टर ( कालोनी सेल ) जिला उज्जैन ( म.प्र. )**
**कॉलोनी विकास अनुज्ञा निरस्त किये जाने के संबंध में आपत्तियों / सुझाव आमंत्रित करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि कस्बा खाचरौद (नगरीय क्षेत्र) जिला उज्जैन में स्थित भूमि सर्वे क्र 983/2 रकबा 0.255 हेक्टेयर पर कार्यालय कलेक्टर (कॉलोनी सेल) जिला उज्जैन द्वारा आवासीय कॉलोनी विकसित किये जाने हेतु कॉलोनी विकास अनुज्ञा क. 03/230 दिनांक 10.04.2018 को जारी की गई है। आवेदक श्रीमती नीना पति श्री राजेन्द्र निगम निवासी 34, द्वारिकापुरी, इन्दौर (म.प्र.) द्वारा उपरोक्त आवासीय कालोनी की विकास अनुज्ञा निरस्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। चूँकि उपरोक्त परियोजना से जुडे व्यक्तियों का हित प्रभावित होने की संभावना है। इस हेतु कोई भी हितबद्ध व्यक्ति कॉलोनी विकास अनुज्ञा निरस्त किये जाने के संबंध में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना प्रकाशन की दिनांक से 15 दिन के भीतर कार्यालय नगर पालिका खाचरौद में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकेगा।

**सक्षम प्राधिकारी**
**कालोनी सेल जिला उज्जैन ( म.प्र. )**

## न्यूज कार्नर

### चुनरी यात्रा आज, संस्कृति सद्भावना समिति करेगी 151 मीटर चुनरी समर्पित

**जागरण,अशोकनगर।** संस्कृति सद्भावना समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति नवरात्रि के अवसर पर शीतला माता को 151 मीटर की चुनरी समर्पित की जाएगी। आयोजकों ने बताया है कि इस वर्ष भी यह चुनरी यात्रा सोमवार को दोपहर 3 बजे श्री लव कुश मंदिर से प्रारंभ होगी। यहां से चुनरी लेकर श्रद्धालु शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वाल्मीकि मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर पर पहुंचेगें और शीतला माता को चुनरी भेंट करेगें। चुनरी यात्रा में सबसे आगे युवा श्रद्धालु तिरंगा झंडा लेकर चलेंगे । इसके अतिरिक्त चुनरी यात्रा में दुर्गा माता व हनुमान जी की मनमोहक झांकी भी स मलित होगी। चुनरी यात्रा प्रारंभ करने से पहले दोपहर 1 बजे से श्री लव-कुश मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी होगा। संस्कृति सद्भावना समिति के अध्यक्ष सचिन चौधरी ने सभी लोगों से चुनरी यात्रा में स मिलित होकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया है।

### शिविरों का आयोजन जनपद पंचायत स्तर पर

**अशोकनगर।** दिव्यांगों के चिन्हांकन हेतु जनपद पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा । ये शिविर जनपद पंचायत ईसागढ़ में 7 अक्टूबर को, जनपद पंचायत चंदेरी में 8 अक्टूबर को, जनपद पंचायत मुंगावली में 9 अक्टूबर को तथा जनपद पंचायत अशोकनगर में 10 अक्टूबर को आयोजित होंगे। इन शिविरों में भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए परीक्षण किया जाएगा।

### सागर में होगा सकल जैन समाज सम्मेलन

**जागरण,अशोकनगर।** संस्कार शिविरों के जनक मुनिपुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज के सान्निध्य में आगामी 12 अक्टूबर को सागर में सकल जैन समाज का प्रथम राज्य स्तरीय स मलेन सागर में आयोजित किया जा रहा है। स मेलन सुधामय सभागार भाग्योदय तीर्थ सागर में रखा गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए समाज के विजय धुर्रा ने बताया कि श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में धर्मी, प्रदेश व्यापी सम्मेलन 12 अक्टूबर को भाग्योदय तीर्थ सागर में रखा गया है।

# राज्य कर्मचारी संघ ने मनाया स्थापना दिवस

## कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों ने रखे अपने-अपने विचार

**जागरण अशोकनगर।**

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला इकाई द्वारा संगठन का स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री वरिष्ठ नागरिक परिसंघ रामवीर सिंह रघुवंशी, विशिष्ट अतिथि ऋषभ कुमार जैन नगर संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरिसिंह रघुवंशी हैरी, जिला महामंत्री भारतीय मजदूर संघ, महेंद्र कुमार शर्मा सदस्य बाल न्यायालय, भागचंद जैन पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ विशेष रूप से उपस्थित थे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बसंत सक्सेना ने की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन के बारे में विस्तृत विचार रखें । मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बसंत सक्सेना ने बताया कि 6 अक्टूबर 1978 को राष्ट्र-ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने की थी राज्य कर्मचारी संघ ,कर्मचारी क्षेत्र में काम करने वाला एकमात्र ऐसा संगठन है जो द्वितीय श्रेणी से लेकर के चतुर्थ श्रेणी तक के कर्मचारियों हितों के लिये राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करता है।

कार्यक्रम में शिशुपाल सिंह यादव, संतोष शर्मा, शिवकुमार शर्मा, श्रीनाथ पलिया ने भी अपने विचार रखे। स्थापना दिवस कार्यक्रम में धीरज शुक्ला, विजय रघुवंशी, मेहरबान सिंह परिहार, राजीव रघुवंशी, रविन्द्र चतुर्वेदी, राजेश कलावत, मनीष सेन, राजेश शर्मा, निर्मल सिंह रघुवंशी, चंद्रभान ओझा, घनश्याम सोनी अनिल शर्मा ध्रुव सेन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गुप्ता ने किया।

# युवामोर्चा जिलाध्यक्ष अभय को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## सदस्यता अभियान में प्रभावी काम करने पर नेतृत्व ने जताया भरोसा

**जागरण अशोकनगर।**

बीते दिनों भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा था। इसमें प्रभावी काम करते हुए भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अभय ठाकुर ने 6500 से अधिक सदस्य बनाए हैं, वहीं उनके मार्गदर्शन में युवा मोर्चा द्वारा जिले भर में करीब 35000 सदस्य बनाए गए। बताया गया है कि प्रदेश के सभी युवा मोर्चा जिलाध्यक्षों में सदस्यता अभियान के मामले में अभय पहले पायदान पर खड़े हैं। उनके काम को सम्मान देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व ने उन्हें मुंगावली विधानसभा क्षेत्र का सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया है।

अभय ने बताया कि जब सदस्यता अभियान शुरू हुआ तो उन्होंने पहले ही दिन से मेहनत शुरू कर दी थी। बारिश के इस दौर में उन्होंने 12-12 घंटे काम करते हुए जिले के दर्जनों गांवों का दौरा किया। अशोकनगर शहर में गली-मोहल्लों में पहुंच पहुंच कर भाजपा की रीति नीति से



आमजनों को अवगत कराया और उन्हें सदस्यता दिलाई। वह मोर्चो पर काम कर रहे थे। एक ओर जहां स्वयं भी आमजन को पार्टी से जोड़ रहे थे तो दूसरी ओर रोजाना भाजयुमो के पदाधिकारियों से भी सदस्यता अभियान की प्रगति संबंधी रिपोर्ट लेते। उनके नेतृत्व में भाजयुमो के पदाधिकारियों से लेकर सामान्य कार्यकर्ताओं ने गांव गांव में सदस्यता अभियान का जाल फैला दिया।

**वरिष्ठ नेतृत्व ने भी दिया उदाहरण:** सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी की वर्चुअल बैठकों में भी अभय के इस काम का जिक्र हुआ। भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री हितानन्द शर्मा ने एक बैठक के दौरान सभी युवा मोर्चा जिलाध्यक्षों को अभय के सदस्यता अभियान का उदाहरण लेकर काम करने की सलाह दी। वहीं प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने भी अभय के सदस्यता अभियान की गति और प्रगति की सराहना की।

# जीएसटी ग्रुप ने कराई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**जागरण अशोकनगर।**

समाजसेवी संगठन जीएसटी ग्रुप द्वारा रविवार को सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन कराया गया। ग्रुप द्वारा लगातार तीसरे वर्ष यह प्रतियोगिता आयोजित कराई गई थी। प्रतियोगिता अशोकनगर, मुंगावली,चंदेरी और शाढौरा में आयोजित की गई थी। संगठन की ओर से बताया गया है कि प्रतियोगिता में करीब 700 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता 2 दो चरणो में आयोजित होनी है रविवार को प्रथम चरण आयोजित किया गया था। प्रश्नपत्र में 50 वैकल्पिक प्रश्न थे। सीनियर वर्ग और जूनियर वर्ग के प्रश्नपत्र अलग-अलग थे। जूनियर वर्ग में कक्षा पांच से कक्षा आठ तक के छात्रों को रख गया था और और सीनियर वर्ग में कक्षा नौ से कक्षा बारह तक के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। प्रतियोगिता का दूसरा चरण 24 नवंबर को रहेगा।




# ग्राम नावनी एवं विक्रमपुर में शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण



**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार रविवार को चन्देरी में अनुविभागीय अधिकारी रचना शर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में तहसील चन्देरी क्षेत्रान्तर्गत एंटी भू माफिया अभियान के तहत ग्राम नावनी स्थित भूमि सर्वे कृमांक 33/11, 33/16 रकवा 2.000 हे. भूमि पर भागीरथ, शोभाराम पुत्रगण रामदास जाति आदिवासी को मौके पर कब्जा हटाया गया । इसी प्रकार ग्राम विक्रमपुर में 8.000 हे. भूमि पर से अतिक्रमण हटवाकर रूक्का बाई वेवा हल्के, शिवकुवर वेवा कंछेदी कुसुम बाई वेवा शंकरलाल, मुलिया वेवा गिरवर जाति आदिवासी को कब्जा सोंपा गया। इस प्रकार कुल 10.000 हे. भूमि का अतिक्रमण हटाकर दबंग व्यक्तियों से कब्जा हटाकर आदिवासी व्यक्तियों को मोके पर कब्जा सोपा गया। अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि का बाजारू मूल्य 1.5 करोड रूपये है। इस अवसर पर तहसीलदार दिलीप दरोगा, नायब तहसीलदार अशोक सिंह तोमर, पटवारी अनेक सिंह लोधी, राकेश शुक्ला, आशीष जैन, नीरज अहिरवार उपस्थित रहकर अतिक्रमण को मुक्त कराया गया।

# संस्कृति स्कूल में हुआ शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम



**जागरण अशोकनगर।**

शहर के सीबीएसई संबंद्ध विद्यालय संस्कृति-एन इंग्लिश मीडियम स्कूल में विगत दिवस सक्रिय शिक्षण पर आधारित एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के अन्तर्गत आने वाले उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में आयोजित किया गया। भोपाल के आर्मी पब्लिक स्कूल की हैड मिस्ट्रेस शिखा शर्मा एवं सागर पब्लिक स्कूल की हैड मिस्ट्रेस डा. समरीन खान के नेतृत्व में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विद्यालय निर्देशक व प्राचार्या लगातार इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करते आए हैं।

इस कार्यशाला में बताया गया कि सक्रिय शिक्षण एक शिक्षण पद्धति है जिसमें छात्रों को सक्रिय रूप से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें छात्र अपने सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाते हैं और शिक्षक उनकी सहायता करते हैं। कार्यशाला में उन्होंने सक्रिय शिक्षण के मुख्य सिद्धांत, सक्रिय शिक्षण के लाभ,सक्रिय शिक्षण की चुनौतियां व सक्रिय शिक्षण के तरीके जैसे-समूह चर्चा, प्रोजेक्ट-आधारित सीखना, प्रस्तुतियां और प्रदर्शन, खेल और गतिविधियां और वाद-विवाद चर्चा आदि को बड़े ही रोचक ढंग से बताया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों के साथ विद्यालय निर्देशक देवेंद्र सिंह, प्राचार्या इंदरपाल कौर, उप प्राचार्या प्रतिभा पटेल सहित संस्कृति विद्यालय के लगभग साठ शिक्षक -शिक्षिका सम्मिलित हुए।

# कौशिकी का हुआ राष्ट्रीय शोधवीर समागम हेतु चयन

**जागरण,अशोकनगर।** शहर की छात्रा कौशिकी दुबे को राष्ट्रीय पुनरुत्थान के उद्देश्य से कार्यरत भारतीय शिक्षण मण्डल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता में जीवाजी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ। कौशिकी ने साहित्य और मानव जीवन का उत्थान विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। साथ ही कौशिकी को राष्ट्रीय शोधवीर समागम 2024 दिल्ली हेतु भी चयनित किया गया है। कौशिकी ने अपनी इस उपलब्धि को माता-पिता व गुरुजनों सभी के आशीर्वाद का प्रतिफल बताया है। कौशिकी की इस उपलब्धि पर परिचितों परिजनों और सहेलियों ने बधाई दी है।

## न्यूज कार्नर

### सिंधिया आज शिवपुरी में, जनमन कॉलोनी का करेंगे उद्घाटन

**जागरण, शिवपुरी।** गुना-शिवपुरी से सांसद और केंद्र में संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सोमवार 7 अक्टूबर को शिवपुरी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया शिवपुरी में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 7 अक्टूबर को ग्वालियर से प्रस्थान कर सुबह 11 बजे शिवपुरी पहुंचेगे। यहां वह ग्राम हातोद में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत बनाई गई देश की तीसरी जनमन आवास कालोनी का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त वह अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12:40 बजे पर कोलारस तहसील के निवोदा गांव पहुंचेंगे। यहां सिंधिया पीड़ित शोकाकुल तीनों परिवारों से मिलेंगे। बता दे कि निवोदा गांव में 28 सितंबर की दोपहर बंजारा बस्ती के तीन बच्चों की मौत हो गई थी। निवोदा गांव के बाद केंद्रीय मंत्री कोलारस पहुंचेंगे। यहां वह पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता सम्मान समारोह सहित धन्यवाद सभा में शिरकत करेंगे। इसके बाद वह गुना जिले के बमोरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### नाबालिग बालक को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**जागरण, शिवपुरी।** पिछोर थाना पुलिस ने घर से बिना बताए गए 17 वर्षीय नाबालिग बालक को दस्तयाब कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। जानकारी के अनुसार आज फरियादी निवासी मल्हावनी मजरा नंदनगर ने थाने पर आकर बताया कि उसका लड़का उम्र 17 साल का दिनाँक 02.10.24 से बिना बताये घर से चला गया है, तब से हम लोग लगातार रिस्तेदारी एवं अन्य जगहों पर गुमसुदा बालक की तलास कर रहे हैं । उक्त सूचना पर से तुरंत कार्यवाही करते हुये थाना पिछोर द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किये जाकर डाक बंगला तिराहा से गुम बालक उम्र 17 साल को तलाश कर उसके माता पिता के सुपुर्द किया । पुलिस की इस कार्यवाही से गुमसुदा बालक के माता पिता अत्यंत प्रसन्न हुए। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई, सउनि दीनदयाल शर्मा, आर. रामनाथ रावत, आर. जितेन्द्र गुर्जर, आर माँगीलाल गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# सहकारी बैंक के रिकॉर्ड रूम में लगी आग, हॉल में रखा था 50 साल पुराना अनुपयोगी रिकॉर्ड

## दो फायर बिग्रेड ने बुझाई आग, इसी बैंक में हो चुका है 100 करोड़ का घोटाला

**जागरण, शिवपुरी।** शहर के कोर्ट रोड स्थित जिला सहकारी बैंक के एक हॉल में रविवार सुबह धुआं उठता देखा गया। जिसकी सूचना पर तत्काल फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बैंक में आग की सूचना मिलते ही शिवपुरी एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

बैंक के जिस हॉल में आग लगी उस हॉल में 50 साल पुराना सोसायटी को रिकॉर्ड रखा होना बताया गया हैं। रविवार की सुबह 8 बजे से आग पर काबू पाने के लिए दो फायर बिग्रेड और पानी के टेंकरों को लगाया गया हैं। सुबह 11 बजे तक रिकॉर्ड रूम से धुंआ उठता रहा, इसके बाद रिकॉर्ड को बाहर निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया हैं।



सहकारिता बैंक के प्रभारी कार्यालय अधीक्षक वीरेन्द्र पाराशर के मुताबिक बैंक मुख्यालय की बिल्डिंग से लगे हुए भूमि विकास बैंक के नीचे एक हॉल में 50 साल पुराना अनुपयोगी रिकॉर्ड रखा हुआ था। इसके साथ ही हॉल में पुराना फर्नीचर, कुर्सियां और अलमारी सहित अनुउपयोगी सामान भरा हुआ था। हॉल को कभी कभार ही खोला जाता था।

आज सुबह साढ़े 7 बजे रात्रि में ड्यूटी के लिए रुके प्यून सुरेन्द्र कुमार श्रीवास ने हॉल में भड़की आग की सूचना दी थी। सूचना के बाद मौके से पुलिस सहित प्रशासन को आगजनी की सूचना दी गई थी। आग किन कारणों से लगी इसका पता फिलहाल नहीं लग सका हैं। इस मामले में एसडीएम उमेश कौरव का कहना हैं कि बैंक के हॉल में आग किन कारणों से लगी इसका पता फिलहाल नहीं लग सका हैं। पुलिस द्वारा आस पास के सीसीटीवी की जांच की जा रहे हैं।

### 100 करोड़ का हो चुका हैं घोटाला, अधर में अटकी जांच

जिला सहकारी बैंक की कोलारस ब्रांच के एक चपरासी राकेश पाराशर और कैशियर ने 100 करोड़ का घोटाला कर दिया था, जिससे बैंक की जमा पूंजी करीब 100 करोड़ की निकल गई और इस घोटाले ने बैंक को कंगाल कर दिया गया। यह घोटाला करीब साढ़े तीन साल पहले किया गया। अभी तक इस मामले में मुख्य आरोपी राकेश पाराशर सहित इस घोटाले से जुड़े कुछ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी हैं। लेकिन मामला जांच में लंबित पड़ा हुआ है। मामला जांच में लंबित होने से बैंक में पूंजी नहीं है।

# 135 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, शिवपुरी।** करैरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 135 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई ने बताया कि 5 अक्टूबर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आढ़र बासगंढ ताल की छर्रर के पास एक व्यक्ति अपने पास नीले रंग की तीन कैन लिये बैठा है। मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर ग्राम आढर बासगंढ ताल की छर्रर के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति अपने पास तीन नीले रंग की कैनो को रखे बैठा दिखा जो पुलिस को देख कर भागने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से पकड़ा। उसने पूछताछ में अपना नाम जगदीश केवट पुत्र लल्ला केवट उम्र 35 साल निवासी ग्राम बांसगढ थाना करैरा का होना बताये तब आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक के तीन नीले रंग की कैन जिसमे 135 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जिसकी कीमत 27,000 रुपये है। आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 742/24 धारा 34(2) आबकरी एक्ट का पंजीबध्द किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद छावई, सउनि पुष्पेन्द्र सिहं चौहान, आर. हरेन्द्र गुर्जर, राधेश्याम जादौन, मत्स्येन्द्र सिंह का अहम भूमिका रही।

# आकांक्षी ब्लॉक संपूर्णता अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 कर्मचारी हुए सम्मानित

**जागरण, शिवपुरी।** जनपद पंचायत पिछोर के सभागार में आकांक्षी ब्लाक संपूर्णता सप्ताह अभियान का समापन किया गया। गत दिवस आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसडीएम पिछोर शिवदयाल धाकड़ द्वारा सभी विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारियों को समय सीमा मे कार्य करने पर प्रसंशा जाहिर करते हुये कहा है कि शासन द्वारा जो भी दायित्व दिए जाते हैं उन कार्यों को गंभीरता के साथ समय सीमा मे पूरा करें।

कार्यालयों में तथा उसके आसपास जहाँ भी गंदगी तथा कचरा का ढेर लगा हुआ है वहाँ साफ सफाई कराएँ। इसके साथ ही 12 विभागो के 46 बिंदुओं का प्रगति पत्र पढ़ा गया जिसमें ब्लॉक की प्रगति मे अच्छा सुधार किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 कर्मचारियों को एसडीएम द्वारा माला पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, बीएमओ डॉक्टर संजीव वर्मा, सीडीपीओ अरविंद तिवारी, आकांक्षी ब्लॉक पिछोर सुरेंद्र सिंह मौर्य सहित अन्य अधिकारी एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।




# सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, शिवपुरी।** कोतवाली थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणी करने वाले एवं आम शांति भंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जुलूस निकालकर असामाजिक तत्वों को चेताया है।

जानकारी के अनुसार आज एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर ब्राहमण समाज के विरूद्ध अनर्गल टिप्पणी की जो समाज के लोगों ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी जो पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी अनुभाग शिवपुरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित दुबे द्वारा टीम बनाई जो सूचना मिली कि संतोष पुत्र कल्याण सिंह धाकड़ उम्र 37 साल निवासी सतनवाडा हाल ग्वालियर वायपास शिवपुरी का रहने वाला है वह सोशल मीडिया पर इस तरह का मैसेज किया है जो सूचना पर ग्वालियर वायपास पहुंचे तो देखा कि संतोष धाकड ग्वालियर वायपास के पास भीड एकत्रित कर उत्पात कर रहा है जो मौके पर संतोष धाकड को समझाइस दी गई एवं बताया गया कि सोशल मीडिया पर मैसेज डालने संबंधी जानकारी ली गई जो उत्तेजित होकर उत्पात करने लगा जो राहगीरों को आने जाने में परेशानी होने लगी एवं मौके पर आन शांति भंग होने के अंदेशा को देखते हुये एवं कोई भी संज्ञेय अपराध घटित न हो इस कारण से अनावेदक संतोष धाकड को धारा 170,126/135(3) बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया एवं आरोपों को माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट महोदय के न्यायालय में पेश किया गया।




आरोपी व्दारा थाना पर भविष्य में सोशल मीडिया पर कोई भी अनर्गल पोस्ट न करने की बात स्वीकार की एवं भविष्य में अच्छी तरह रहना बताया थाना कोतवाली पुलिस व्दारा सार्वजनिक क्षेत्रो व आमजनो के घूमने वाले स्थल पार्को व मुख्य चौराहो पर लगातार पुलिस बल तैनात किया जाकर असामाजिक तत्वो के विरुध्द कार्यवाही की जा रही है जो निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली रोहित दुबे, उनि सुमित शर्मा, प्रआर रविन्द्र सिनोरिया, प्रआर जयकिशन राणा, आर. राजवीर यादव, रविन्द्र यादव की विशेष भूमिका रही।

